सार-समाचार

जे.डी.ए. ने अवैध निर्माण बंद करवाए

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के आदेशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को मुख्य बाईपास डांगियावास पर विभिन्न अवैध निर्माण कार्यों को बंद करवाया गया। मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता एवं प्राधिकृत अधिकारी जोन-1 के निर्देशानुसार प्राधिकरण दस्ते द्वारा मुख्य बाईपास डांगियावास का मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डांगियावास मुख्य बाईपास पर ख.सं. 263/6 में लगभग 52 गुणा 20 में 06 दुकानों मय शट्टर सहित, ख.सं. 297 में लगभग 90 गुणा 20 में 07 दुकानों का छत वसु तक एवं डांगियावास चौराहा ओवरब्रिज के पास ख.सं. 270 व 271 में लगभग 120 गुणा 28 में 12 दुकानों का कुर्सी लेवल तक निर्माण कार्य प्रगतिरत पाया गया। जेडीए दस्ते द्वारा मौके पर बिना निर्माण स्वीकृति के अवैध रूप से चल रहे उक्त दुकानों के निर्माण कार्यों को बंद करवाया जाकर अवैध निर्माणकर्ताओं को सख्त हिदायत दी गई कि प्राधिकरण के बिना सक्षम स्वीकृति एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये कृषि भूमि पर किसी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी मय जेडीए दस्ता मौजूद रहा।

रोजाना बन रही है गायों के लिए लापसी

धोरीमन्ना, (निसं)। कस्बे के ग्राम पंचायत दूधू के लूंगी नाडी क्षेत्र में पिछले एक माह से गौ भक्त गायों के लिए रोजाना शाम को लापसी बनाकर खिला रहे हैं। जिस तरह लोग बड़े भाव व सम्मान से लोगों को खाना खिलाते है, उसी तरह यहां गायों को भी बडे आदर और भाव से खाना खिलाते है। लूंगी नाडी दूधु के गौ भक्तों द्वारा गायों की लम्पी बिमारी के प्रकोप के बाद से साल में एक बार महिने भर तक रोजाना गायों और अन्य पशुओं के लिए स्पेशल और पौष्टिक आहार खिलाया जाता है। मलमास के दौरान दूधु के लूंगी नाडी में देशी तरीके से बडी कडाई में मोहल्ले के लोग गायों के लिए स्पेशल लापसी बना रहे है।यहां आवारा पशु के लिए रोजाना 100 से 200 किलो स्पेशल भोजन रात को खिलाया जाता है। गौ भक्त तुलछाराम थोरी ने बताया कि यह काम गायों को फैली लम्पी बिमारी के बाद से लगातार कर रहे है। रोजाना 50-60 गायों को भोजन खिलाया जाता है। शाम 6 बजे से 8 बजे तक लापसी को पकाया जाता है। इसके बाद यहां सडक पर घूम रहे तथा गोचर के आवारा पशुओं को यह लापसी का भोजन करवाया जाता है। लूंगी नाडी के करीब 15 से 20 गौ भक्त यह काम करते है। यह सामान लोग मिलकर या किसी दानदाता से लाते है। यहां मिट्टी की भट्टी बनाई है जहां देशी तरीके से चूल्हे पर लापसी पकाई जाती है।

पाली में महिला पर सांड ने हमला किया

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक 45 साल की महिला पर सांड ने हमला कर दिया। महिला को उठाकर पटका, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। हादसे में महिला का एक हाथ फ्रेक्चर हो गया, वहीं 2 दांत टूट गए। आसपास के लोगों ने बचाया और एम्बुलेंस से इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां फिलहाल इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार- पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी विस्तार में रहने वाली शमीम बानो (45) पत्नी गुल्फान खान मंगलवार को रामासिया गांव गई हुई थी। इस दौरान अचानक आए एक सांड ने उसे उठाकर पलट दिया। हादसे में वह मुंह के बल गिरी। इससे उसका एक हाथ फ्रेक्चर हो गया और दो दांत भी टूट गए। हादसे में महिला को शरीर में कई स्थानों पर चोटे आई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस घायल महिला को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। महिला के पति की मौत हो चुकी है। ऐसे में घटना की जानकारी मिलने पर उसके पड़ोसी हॉस्पिटल पहुंचे और स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली।

दो बाइक की भिड़ंत, युवक घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में सोमवार को दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक घायल हो गया। उसके सिर हाथ और पैर में चोट लगी। दूसरा बाइक सवार वारदात के बाद फरार हो गया। घायल को बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज किया गया।जानकारी के अनुसार पाली के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप सर्किल के पास कुचामन सिटी निवासी पुखराज सिंह (20) पुत्र नाथूसिंह किराए के मकान में रहता है। सोमवार शाम वह अपनी मौसी से मिलने बाइक से बागड़िया गांव के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में सामने से तेज गति से आ रही एक बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। वह गिरकर घायल हो गया। उसके सिर, मुंह, हाथ-पांव पर चोट आई। इलाज के लिए परिजन सोमवार देर शाम को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया। घायल के मौसा कल्याणसिंह ने बताया कि पुखराज बीए फाइनल ईयर की पढ़ाई पाली में रहकर कर रहा है।

किशनाराम महाराज विद्यालय का भूमि पूजन

गुडामालानी, (निसं)। स्थानीय गुडामालानी ऑजणा कलबी समाज की ओर से भगवान राजेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज के दुसरे दिन मंगलवार को आलपुरा में संत किशनाराम महाराज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भूमि पूजन विधि विधान के साथ किया गया। मुख्यालय पर राजेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दुसरे दिन आलपुरा में संत किशनाराम महाराज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भूमि पूजन शिकारपुरा पीठाधीश दयारामजी महाराज के सानिध्य में किया गया। यह विद्यालय 12 करोड कि लागत से आवासीय विद्यालय निर्मित होगा। भूमि पूजन में हजारों कलबी समाज बन्धुओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में महंत नगाराम महाराज, सुमेरभारती महाराज, अध्यक्ष टीकमाराम पटेल, भामाशाह सांवलाराम पटेल, शंकर भाई चौधरी, जवानाराम चौधरी,पताराम चौधरी सहित आस पास क्षेत्र के कलबी समाज एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह जानकारी अध्यक्ष टीकमाराम पटेल ने दी।

सड़क पर जीवन रक्षा का सन्देश दिया

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस के मार्गदर्शन में नेहरु युवा केंद्र जालोर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व इम्मानुअल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, जालोर के युवाओं द्वारा हरिदेव जोशी सर्किल और हॉस्पिटल चौराहा पर आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा मोटरसाइकिल चालकों से हेलमेट पहनने व चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने एवं सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए आग्रह किया गया। वही हरिदेव जोशी सर्किल से सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए स्वयंसेवकों की रैली निकाली गई। इस अवसर पर यातायात विभाग के कांनिस्टेबल नोपाराम, आईटीआई के अनुदेशक कुलदीप सिंह, इम्मानुअल सीनियर सैकण्डरी स्कूल के गणपत गहलोत, प्रशिक्षक हितेन्द्र वैष्णव व नेहरु युवा केंद्र के खसाराम उपस्थित रहे।

शिक्षा के साथ बौद्धिक ज्ञान व योग की जानकारी दी

जोधपुर, (कासं) । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना में कर्तव्य बोध पखवाड़े के षष्ठम दिवस पर सनातन से जुड़ी हुई स्वास्थ्य संबंधी योग क्रियाएं ,नैचुरोपैथी और योग चिकित्सा एवं परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने संबंधित सुझाव एवं आसन प्रस्तुत कर विद्यार्थियों एवं स्टाफ साथियों को लाभान्वित किया गया। चेतन प्रकाश सेन पूर्व उप निदेशक शिक्षा विभाग, पूर्व प्रधानाचार्य डाइट जोधपुर एवं योग विशेषज्ञ ने आशीर्वचनों से छात्रों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन स्थानीय विद्यालय के जूनियर अस्सिटेंट अक्षय चौहान द्वारा किया गया। अंत में व्याख्याता सतपाल सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर स्टाफ सदस्य सिकंदर खान मनोहर लाल झाला, देवेंद्र कुमार, अर्जुन राम, रणवीर पटेल,राकेश चौहान, जगदीश चंद्र पटेल, भीमाशंकर, जबराराम पटेल, मंजू चौहान, सज्जन कंवर, सीता सिरवी सहित कई जने उपस्थित रहे।

महिला उद्यिमता मेला शुरू

जोधपुर, (कासं) । नगर निगम दक्षिण की ओर से गांधी मैदान में आज तीन दिवसीय महिला उद्यिमता मेले का शुभारंभ हुआ। इसमें निगम की ओर से 56 महिला उद्यिमयों को नि:शुल्क स्टॉल्स का आवंटन किया गया है। महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने बताया कि महिला उद्यिमयों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर निगम दक्षिण की ओर से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। मेले में स्टॉल्स को लेकर सोमवार को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की गई थी जिसमें 56 महिला उद्यिमयों ने स्टॉल्स के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।

हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर रक्तदान किया

पाली, (नि.सं.)। सिन्धी समाज सेवा समिति और भारतीय सिन्धु सभा पाली के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सिन्धी कॉलोनी स्थित हेमू कालानी सर्किल पर अमर शहीद हेमू कालानी का 82 वां बलिदान दिवस मनाया गया।

पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद के उप महापौर ललित प्रितमनी समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार पुरशवानी सिंधु सभा मंडल की कोकिला नारवानी की अध्यक्षता में हेमू कालानी की प्रतिमा पर सिन्धी समाज सहित कई लोगों ने माल्यार्पण किया। इसके पश्चात रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्तदान युवाओं व महिलाओं द्वारा किया गया। शिविर में रक्तचाप व मधुमेह की भी जांच की गई। इस मौके पर विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई।

पूर्व विधायक ज्ञान चंद पारख ने कहा कि देश व समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद हेमू कालानी के जीवन से हमे प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन मे अपनाना चाहिए।

पूर्व उप महापौर ललित प्रितमानी ने कहा कि राष्ट्र की बलिवेदी पर अपने आप को न्योछावर कर देने वाली महान विभूति आज भी हमारे रगों में देशभक्ति की भावना को जाग्रत कर देती है। सिंधु सभा के जिला अध्यक्ष राधाकिशन शिवनानी ने कहा कि देश व समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद कालाणी के जीवन से हमें प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्श को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कोकिला नरवानी ने कहा कि शहीदों के रक्त और पसीने से प्राप्त आजादी की कीमत वही समझता है, जिसके हृदय में देशभक्ति की भावना का जज्बा हो। शाम को महिलाओं द्वारा हेमू कालाणी पर रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। बलिदान दिवस पर कार्यक्रम में हरीश गुरुनानी ,टीकम दास वासवानी, नारायण हरवानी, महिला मुखिय शांता लालवानी, कोकिला नारवानी, परमेश्वर जोशी,जय किशन रामचंदानी, सुरेन्द्र निहलानी,जितेन्द्र रामचंदानी, नथू भाई गंगवानी ,नरेश चंगलानी , हेमंत तनवानी, सुरेश सत्यनी, नंदू सतवानी रमेश थवानी मनोज तवानी, दयालभाई तोलानी सहित कई जने मौजूद रहे।

अमर शहीद हेमू कालानी के 82 वें बलिदान दिवस पर पाली में 61 यूनिट रक्तदान हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

नाहर ट्रस्ट भीनमाल ने सर्किल का नवीनीकरण करवाया

जालोर में कलेक्ट्रेट गेट के पास सर्किल का लोकार्पण कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने किया।

फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। सुखराज बाबूलाल नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट भीनमाल की ओर से कलेक्ट्रेट गेट के निकट सर्किल का पुन: नवीनीकरण करवाकर उसमें पौधारोपण कर जिला कलेक्टर डॉक्टर प्रदीप के गावंडे ने उद्घाटन किया।

अभिभाषक संघ जालोर के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में सुखराज बाबूलाल नाहर ग्रुप भीनमाल द्वारा कलेक्ट्रेट के गेट के पास स्थित सर्किल का पुन: जीर्णोद्धार करवाकर उसका लोकार्पण मंगलवार को किया गया ।

सर्किल का लोकार्पण जिला कलेक्टर डॉक्टर प्रदीप के गावंडे , जिला प्रमुख राजेश कुमार , एडीएम राजेश मेवाडा, भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल सिंह सिराणा, अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान व सर्कल बनाने के प्रेरक महेंद्र कुमार मुणोत, दिनेश महावर व लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने सर्किल का फीता काट कर उद्घाटन किया तथा सर्कल में पीपल के पौधे का रोपण किया।

इस दौरान गुणेशसिंह, फारुक कुरेशी, गोर्वधन सिंह, महिपालसिंह, दूदाराम, चंदनमल , नवीन कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिवक्ता मोजूद थे।

मादक पदार्थ की तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर की ओसियां थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में आरोपी सप्लायर को गिरफ्तार किया हैं।

आरोपी ग्रामीण क्षेत्रों में लोकल नेटवर्क के जरिए मादक पदार्थ की सप्लाई किया करता था। फिलहाल पुलिस उससे मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मामले में आरोपी राजूराम निवासी डाबडी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 8 महीने से फरार चल रहा था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था। बता दें कि ओसियां थाना पुलिस ने खेतासर के पास एक व्यक्ति के घर से अवैध डोडा पोस्त बरामद किया था। इसको लेकर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी बिड़दा राम (46) पुत्र नारायण राम प्रजापत निवासी ताल वाली ढाणियां खेतासर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने डोडा पोस्त राजूराम बिश्नोई से खरीदा था। इस पर टीम ने राजूराम की तलाश में अलग-अलग जगह पर दबिश दी लेकिन आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे अब गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले करीब आठ महीने से फरार था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. की विशेष आम सभा आयोजित

जालोर, (कासं)। नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की विशेष आम सभा की बैठक चामुण्डा गार्डन सामतीपुरा रोड,जालोर में आयोजित की गई। आमसभा का शुभारम्भ बैंक अध्यक्ष एवं बैंक संचालक मण्डल सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सर्वप्रथम बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी तत्पश्चात विशेष आमसभा में बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर ने उपनियम संख्या 3 में संशोधन प्रस्तावित करते हुए बैंक का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान (श्रीगंगानगर व हनुमानगढ को छोडकर) विस्तारित करने का विशेष प्रस्तावसदन के सम्मुख प्रस्तुत किया। जिस पर गहन विचार-विमर्श पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ खड़े कर ध्वनिमत से विशेष प्रस्ताव को पारित किया। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट से बताया कि विशेष आमसभा में अध्यक्ष मोहन पाराशर ने सदस्यों को अवगत करवाया कि बैंक की 16 शाखाएँ वर्तमान में कार्यरत हैं तथा बड़गांव, जसवन्तपुरा, बालोतरा एवं सुमेरपुर केन्द्रों पर शाखाएँ जून 2025 से पूर्व प्रारम्भ कर ली जाएगी। बैंक अध्यक्ष की ओर से बताया गया कि बैंक का कार्य क्षेत्र विस्तारित होने पर बैंक की शाखाएँ किशनगढ, जोधपुर, जयपुर एवं उदयपुर जैसे महत्वपूर्ण केन्द्रों में खोले जाने का विचार किया जाएगा।

उन्होनें बैंक की वर्तमान वित्तीय स्थिति के सम्बन्ध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर 2024 तक बैंक का कुल व्यवसाय 682 करोड के पार हो गया हैं। बैंक की कुल हिस्सा पूंजी 15.33 करोड, अमानते 402.11 करोड, क्रण एवं अग्रिम 280.07 करोड तथा कर पुर्व लाभ 6.19 करोड रूपये रहा हैं। बैंक के कुल रिजर्व फण्ड 46.93 करोड, नेटवर्थ 60.99 करोड तथा सकल एनपीए 2.15 प्रतिशत हैं साथ ही बैंक का कुल विनियोग 174.61 करोड हैं। चालु वर्ष के दौरान बैंक का सकल लाभ 11 करोड तथा शुद्ध लाभ 7.50 करोड होने की सम्भावना हैं। अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा बताया कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक राजस्थान की अरबन बैंकों में एटीएम सुविधा प्रदान करने वाला प्रथम सहकारी बैंक हैं तथा वर्तमान मेंजालोर नागरिक सहकारी बैंक मोबाईल बैंकिग, यूपीआई आदि समस्त बैंकिंग सुविधाए ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहा हैं। बैंक का उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना नहीं हैं वरन बैंक अपनी सामाजिक प्रतिबद्वता का निर्वहन करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को मियादी जमाओं पर सर्वाधिक 8.75 प्रतिशत ब्याज भी अदा करती हैं। उन्होंने बताया कि डैडम सेक्टर के क्रण धारकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा हैं। साथ ही केन्द्र सरकार की सुक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रण गारण्टी निधि योजना सदस्यों के लिए लागु की गई हैं।

बैंक के अध्यक्ष मोहन पाराशर जो कि राजस्थान अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक फैडरेशन के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि सहकारी बैंकों के सहकारी बोर्ड को भर्ती के दायरे से मुक्त करने, धारा 99-100 के तहत बैंक को वसूली अधिकार देने तथा अरबन बैंको को आयकर एवं जीएसटी के दायरे से मुक्त करने हेतु उनके द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहें हैं। बैंक के सदस्य पन्नालाल सोलंकी, अशोक परिहार, नारायणलाल भटट, पदमाराम चौधरी, नितिन सोलंकी, पारसाराम मेघवाल, मोहनलाल परमार एवं सांवलाराम माली द्वारा बैंक में स्थानीय अस्थाई स्टाफ की भर्ती, बैंक में साईबर सिक्युरिटी को मजबूत करने, अंशधारकों का दुर्घटना बीमा राशि 50 हजार से 1 लाख रू करने तथा सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रमव बैंक स्टाफ को वर्ष में एक बार प्रशिक्षण देनेका सुझाव भी दिया गया साथ ही सभी ने बैंक का कार्यक्षैत्र विस्तारित करने पर बैंक प्रबन्धन को बैंक की भावी प्रगति हेतु बधाई दी गयी। इस अवसर पर बैंक के जमाकर्ता रामजीवन फिरोदा, नन्दकिशोर बंसल, अरविन्द चौधरी, देवीलाल माली, गणेशाराम चौधरी एवं पारसमल सुथार का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर बैंक के संचालक दिनेश परमार, गणेशराम मीणा, कनिष्क चौधरी, मोहनलाल परमार(जालोर), नम्रता जेथलिया, उषा कुमावत, सहवृत संचालक हेमताराम प्रजापत, ठव्ड सदस्य हरीश माहेश्वरी, मोहम्मद इन्साफ बैग, बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष नितिन सोलंकी, पूर्व संचालक नारायणलाल भट्ट, दुर्गेश सुथार, मोहनलाल परमार, बैंक के पुर्व सीईओ पी एल सोनगरा, बैंक के अधिकारीगण सहित बैंक के अंशधारियों ने उत्साहपूर्वक विशेष आमसभा में सहभागिता की।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की विशेष आम सभा चामुंडा गार्डन सामतीपुरा रोड में हुई।

फोटो-राष्ट्रदूत

सार-समाचार

देवराज बोहरा को संयोजक बनाया

देवराज बोहरा

जोधपुर, (कासं) ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक गोरधन वर्मा ने अभियान के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। जोधपुर शहर से लोकतंत्र सेनानी देवराज बोहरा एडवोकेट को इस अभियान का संयोजक बनाया गया इनके साथ महेंद्र तंवर ,अर्जुन सिंह , विष्णु सरगरा एवं गौरव जैन को इस अभियान का सदस्य बनाया गया

पाली के जयशंकर त्रिवेदी ने शपथ ली

पाली, (नि.सं.)। सोमवार को अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 18 व 19 जनबरी 2025 को कटनी (मध्यप्रदेश) में आयोजित किया गया, जिसमे सर्व ब्राह्मण विचार गोष्ठी एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ठाहण समारोह हुआ। समारोह में 11 राज्यों के 35 प्रतिनिधि ने सम्मलेन में भाग लिया। पाली से राष्ट्रीय मंत्री जयशंकर त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमाकांत मिश्रा ने भाग लिया। समारोह में 20 प्रान्तों से 100 पदाधिकारियों ने अधिवेशन में शपथ ली। जयशंकर त्रिवेदी को राष्ट्रीय मंत्री की शपथ दिलायी गयी।राजस्थान के 10 प्रतिनिधियों में से राजेश चन्द्र द्विवेदी, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद दुबे, दीपक राज दुबे, जय शंकर त्रिवेदी को राष्ट्रीय मंत्री, दीप राज दुबे, सुशील त्रिपाठी, रमाकांत मिश्रा एवं विकास अवस्थी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई । सर्व ब्राह्मण विचार गोष्ठी में समाज में व्याप्त कुरीतियों को कैसे मिटाए व नवाचारों के द्वारा समाज में आने वाली पीढ़ी को संस्कारित किया जाए, जिससे संयुक्त परिवारों की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले इस पर पदाधिकारियों ने चर्चा की। महासम्मेलन में विवाह के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले 51 दम्पतियों को माला, साफा व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

रात भर सड़क किनारे तड़पता रहा घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में सड़क हादसे में घायल एक 25 साल का युवक रात भर सड़क किनारे पड़ा रहा। लेकिन अंधेरे में पड़े होने और उस रोड पर यातायात ज्यादा नहीं होने के चलते उस पर किसी की नजर नहीं पड़ी। सुबह नजर पड़ने पर युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल लाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र के चवाड़िया गांव निवासी 25 साल का शैतानसिंह पुत्र लालसिंह मारवाड़ जंक्शन में एक जनरल स्टोर पर काम करता है। हमेशा की तरह सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे वह मारवाड़ से अपने गांव चवाड़िया के लिए बाइक लेकर निकला। बीच रास्ते अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कई फीट उछलकर शैतानसिंह सड़क किनारे झाड़ियों में गिरकर घायल हो गया। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट लगी और एक पैर फेक्चर हो गया। रात भर वह दर्द से तड़पता रहा लेकिन उस पर किसी की नजर नहीं पड़ी। मंगलवार सुबह लोगों की नजर पड़ी तो उसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

लोकगीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

पाली, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाई मांजी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। बालिकाओं द्वारा राजस्थानी लोक गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट परिणाम, खेलकूद, सह शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया। प्रधानाध्यापक चुन्नीलाल मेघवाल ने बताया कि पीईईईओ शिवराम पंवार,भाजपा नेता प्रताप सिंह कुंपावत, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जीवाराम सरगरा, प.स.सदस्य रामलाल सरगरा, पूर्व सरपंच नाहर सिंह, व्याख्याता भीकाराम, रूपसिंह दहिया, कानाराम,जयंतीलाल, चंपालाल कुमावत, वजाराम, एएनएम मधुबाला, आशा रंजीता,कार्यकर्ता पुष्पा,चंदा देवी,अध्यापिका संगीता, हेमलता, शहनाज, कविता पालीवाल, अध्यापक शिवरतन कुमार सहित कई जने उपस्थित रहे।

आई.जी. विकास ने फीडबैक लिया

जोधपुर, (कासं) । पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने पुलिस तंत्र को मजबूत करने की कवायद के लिए जोधपुर संभाग के आठ जिलों के पुलिस कंट्रोल रूम का फीडबैक लिया। उन्होंने जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर- सिरोही, पाली, बालोतरा और फलोदी के कंट्रोल रूम प्रभारियों से फीडबैक लिया और कहा कि कंट्रोल रूम पुलिस की आंख, नाक और कान होते है। प्रभारियों से कहा कि जितना अधिक सूचना तंत्र होगा मजबूत होगा उतना ही अपराध रूक पाएगा। उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करने की भी बात की। पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार आज भारत- पाकिस्तान सीमा के दौरे पर है और गुप्तचर विभाग के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक के साथ फीडबैक भी लेंगे। उनके द्वारा सीमा पार से होने वाले अपराधों की समीक्षा बैठक भी ली जाएगी। इस बारे में वे आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करेंगे।

हिन्दू लखारा समाज की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के रामसीन में हिन्दू लखारा समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रथम सामूहिक विवाह समारोह एवं छठा प्रतिभावान सम्मान समारोह 6 फरवरी 25 व 7 फरवरी 2025 को समाज भवन रामसीन में होने जा रहा है, की तैयारियां का जायजा लिया। बैठक में उपस्थित बस्तीमल राठौड भीनमाल, भंवरलाल राठोड जालोर, वचनाराम हाटडिया कालंद्री, रामलाल सोलंकी, चुन्नीलाल सोलंकी रामसीन पारसमल(अध्यक्ष नवयुवक मंडल), दिनेश हाटडिया भीनमाल, दिनेश हाटडिया सिरोही, महेंन्द्र जी हाटडिया लुणोल, नेनमल सोलंकी सायला, लक्ष्मणजी राठौडड सियाणा, जितूजी सियाणा ने तैयारी पर संतोष व्यक्त किया। उक्त जानकारी देवाराम लखारा अध्यक्ष हिन्दू लखारा 22पट्टी समाज सेवा समिति रामसीन ने दी।

युवक पर चाकू सरिया से जानलेवा हमला

जोधपुर, (कासं) । शहर के महामंदिर स्थित बीजेएस कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक पर आपसी विवाद के चलते चाकू और सरिया से हमला किया गया। 10-12 लोगों ने मिलकर उस पर हमला किया। जिससे वह जख्मी हो गया। उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। इसमें नामजद लोगों के खिलाफ महामंदिर थाने में हत्या प्रयास की रिपोर्ट दी गई है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि बनाड़ के नांदड़ी स्थित रामनगर निवासी हरमतसिंह पुत्र दलपत सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह इनफिनिटी क्लोथ के सामने से निकल रहा था। तब विवेक खिंची, विकास बर्गी, लक्षमण सहि 10-12 लोगों ने उसका रास्ता रोककर मारपीट की और चाकू व सरिया से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि इनके बीच आपसी विवाद चला आ रहा है। फिलहाल आरोपी हाथ नहीं लगे है, जिनकी तलाश की जा रही है।

चौरा व चांदूर जागरूकता अभियान

जालोर, (कासं)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 योजना के तहत गिरते भू-जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से जनजागरण के लिए पंचायत समिति सांचौर की ग्राम पंचायत चौरा एवं जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बताया कि जलग्रण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 योजना के तहत 21 व 22 जनवरी को राज्य स्तर से आई वैन एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गिरते भू-जल में सुधार एवं जलग्रहण विकास के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं।

एडवोकेट पर जानलेवा हमला, ज्ञापन दिया

जोधपुर, (कासं) । धौलपुर बाड़ी बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास मित्तल पर हुए कातिलाना हमले को लेकर ज्ञापन दिया गया। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन जोधपुर के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसियेशन के कई जने शामिल रहे।